# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के 60,244 सिविल पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में पुलिसबलों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है

## न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश, न जातिवाद, केवल योग्यता के आधार पर 60,244 युवाओं की भर्ती होना, उत्तर प्रदेश शासन की बड़ी उपलब्धि

## नवनियुक्त पुलिसकर्मी सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता इन तीनों मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ेंगे और प्रदेश में कानून का राज स्थापित करेंगे

## मोदी जी ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के जीवन में एक नया उजाला भरने का काम किया

## 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद, मोदी सरकार में सिमटकर केवल 3 जिलों तक रह गया है, मार्च 2026 तक पूरा देश नक्सलवाद मुक्त होगा

## मोदी जी का नेतृत्व और सेना की सटीक मारक क्षमता ने उन ठिकानों को जमींदोज किया, जहाँ से आतंकवादी गरजकर इंटरव्यू देते थे, यह सशक्त भारत के एक नए युग की शुरुआत है

## पुलिस का मतलब होना चाहिए - गुंडागर्दी करने वालों और

# माफियाओं पर सख्ती और गरीब, दलित, पिछड़े व आदिवासियों के लिए भगवान का रूप

प्रविष्टि तिथि: 15 JUN 2025 5:16PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के 60,244 सिविल पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज 60 हज़ार से अधिक युवा भारत के सबसे बड़े पुलिस बल का अभिन्न हिस्सा बनने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का पुलिस बल पूरे देश का सबसे बड़ा पुलिस बल है लेकिन कुछ साल तक यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती चली गई थी। उन्होंने कहा कि 2017 में श्री योगी आदित्यनाथ जी राज्य के मुख्यमंत्री बने और उत्तर प्रदेश पुलिस फिर से नई बुलंदियों को हासिल करने के रास्ते पर आगे बढ़ने लगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में पुलिसबलों के आधुनिकीकरण की शुरूआत हुई लेकिन उत्तर प्रदेश में यह शुरूआत तीन साल देर से हुई। उन्होंने कहा कि 2014 से 2017 तक भारत सरकार की कोई सुधार प्रक्रिया उत्तर प्रदेश में दिखाई नहीं पड़ती थी लेकिन 2017 में योगी जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में भी सुधार की प्रक्रिया शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि इन 60,244 युवाओं में से किसी को भी किसी प्रकार की रिश्वत देनी नहीं पड़ी है और इनकी भर्तियां पूरी पारदर्शिता के साथ हुई हैं। श्री शाह ने कहा कि कुल 48 लाख आवेदनों में से इन 60 हज़ार से अधिक युवाओं का चयन, किसी प्रकार की खर्ची, पर्ची, सिफारिश, जाति के आधार पर और भ्रष्टाचार से नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर हुआ है।



श्री अमित शाह ने कहा कि इन 60 हज़ार से अधिक युवाओं में 12 हज़ार से अधिक बालिकाएं भी हैं। उनका हौंसला और चेहरे पर आत्मविश्वास और आनंद देखकर बहुत सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बालिकाओं और महिलाओं के लिए जिस आरक्षण की व्यवस्था की है, आज उत्तर प्रदेश में उसका शत-प्रतिशत अनुकरण हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि ये युवा ऐसे समय में उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन रहे हैं जब राज्य नवनिर्माण की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 से 2025 की योगी जी की यात्रा और 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी जी की यात्रा भारत के लिए परिवर्तन का काल है। ये युवा अमृतकाल में यूपी पुलिस से जुड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2047 में हमारा देश दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम होगा और इसमें हमारे उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा योगदान होगा।श्री शाह ने कहा कि चाहे औद्योगिक क्षेत्र, शिक्षा, कानून व्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण हो, या हर गांव और घर तक बिजली, नल से जल पहुंचाना हो, हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में योगी जी ने सफलतापूर्वक योजनाओं को नीचे तक पहुंचाकर परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि यूपी को विकसित के साथ-साथ सुरक्षित बनाने का ज़िम्मा अब इन युवाओं का है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले जाति के आधार पर भर्तियां होती थी, लेकिन आज तकनीक से सबको ताकत मिली है जिससे पारदर्शिता के साथ इन युवाओं की नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि आज कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर-1 और 150 से अधिक ऑन-व्हील फ़ोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (FSL) यूनिट्स लोगों को न्याय दिलाने के काम में लगे हैं, जिसे इन युवाओं को आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ इन युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि आज 60 हज़ार से अधिक युवा 4 लाख की संख्या वाले देश के सबसे बड़े पुलिस बल में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुंडों और माफिया के मन में पुलिस का डर होना चाहिए और गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासियों को पुलिसकर्मियों के रूप में मसीहा दिखाई देना चाहिए।



श्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर अमल से अगले 5 साल में ऐसी स्थिति आ जाएगी कि देश में किसी भी FIR में सुप्रीम कोर्ट तक तीन साल में न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि NAFIS, CCTNS, ICJS और फॉरेंसिक साइंस की सभी सुविधाओं के साथ तकनीक के आधार पर न्याय को आगे बढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है। श्री शाह ने कहा कि किसी ज़माने में दंगों का गढ़ माने जाने वाला उत्तर प्रदेश आज पूरी तरह से दंगामुक्त हो चुका है और इस परंपरा को इन युवाओं को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में न्याय का शासन है, गुंडों का फरमान नहीं चलता और अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं को सभी युवाओं को आगे बढ़ाना है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछले 11 साल में देश को आगे बढ़ाने का काम किया है और अब 2047 के विकसित भारत की नींव डालने का काम आप सबको करना है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के शासन के पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं, 60 करोड़ लोगों को हर घर में गैस सिलिंडर, शौचालय, नल से जल, बिजली, 5 किलो मुफ्त अनाज, 5 लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज और हर किसान को 6 हज़ार रूपए हर साल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस सबसे प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के जीवन में एक नया उजाला भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी और आज हम चौथे नंबर तक आ गए हैं। श्री शाह ने कहा कि 2027 तक हम दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत के हर हर युवा को मौका देकर, नई शिक्षा नीति, सड़क से शहरों को जोड़कर, 150 से अधिक एयरपोर्ट, 143 से अधिक शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क और युवाओं को कंम्प्यूटर से लैस कर देश को आगे ले जाने की पूरी कवायद की है।



श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 11 साल के शासन में देश सुरक्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले देश के 11 राज्यों में नक्सलवाद फैला था, जो अब सिर्फ 3 ज़िलों में बचा है। गृह मंत्री ने दोहराया कि 31 मार्च, 2026 तक भारत, नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के शासन में देश में आए दिन आतंकी हमले होते थे। प्रधानमंत्री मोदी जी के शासन में पाकिस्तान ने 3 बार उरी, पुलवामा और पहलगाम में हमले किए। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने उरी का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से, पुलवामा का जवाब एयर स्ट्राइक से दिया और पहलगाम के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों के मुख्यालय को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरी दुनिया में यह संदेश भेजा कि भारतीयों का खून ज़मीन पर बहाने के लिए नहीं है और जो भी ये हिमाकत करेगा उसे सख्त से सख़्त दंड दिया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि हमारी सेनाओं के वीर जवानों की सटीक मारक क्षमता ने आतंकवादियों के अड्डों को ज़मींदोज़ कर दिया और यह सशक्त भारत की एक नई शुरूआत है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत चंद्रमा पर उस स्थान पर पहुंचा जहां दुनिया का कोई नहीं पहुचा था। प्रधानमंत्री मोदी जी ने उस स्थान का नाम शिवशक्ति प्वाइंट रखकर पूरी दुनिया में हमारे देश का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की मातृशक्ति का सम्मान किया और कई संस्कृतियों को पुनर्जीवित करने का काम किया। श्री शाह ने कहा कि अयोध्या में रामलला विराट मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर बन चुका है, सोमनाथ मंदिर सोने का बनने की शुरूआत हो चुकी है, ट्रिपल तलाक समाप्त हो चुका है और उत्तराखंड को कॉमन सिविल कोड वाला पहला राज्य बनाने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी जी के शासन में ही हुआ है। उन्होंने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार को सख्त वक़्फ़ कानून बनाकर रोकने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है।

******

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2136473)
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English